तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, सोमवार 2 फरवरी 2026



4

शहीद वीर नारायण सिंह कॉलेज में वार्षिक उत्सव, किया गया प्रतिभाओं का सम्मान






## खबर संक्षेप

### 10 फरवरी को सजेगा कन्या विवाह का मंडप

**रायगढ़।** 10 फरवरी को शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में खुशियों की शहनाई गूंजने वाली है। सामूहिक विवाह समारोह में जिले की विभिन्न बाल विकास परियोजनाओं से आए 190 जोड़े एक दूजे का हाथ थामेंगे। इस खास अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ऑनलाइन माध्यम से कार्यक्रम में शामिल होकर नव.दंपत्तियों को अपना आशीर्वाद देंगे। जिले को इस वर्ष कुल 300 जोड़ों के विवाह का लक्ष्य मिला था, जिसमें से 110 जोड़ों का विवाह पहले ही संपन्न कराया जा चुका है। अब 10 फरवरी को 190 और जोड़ों के साथ इस लक्ष्य को पूरा किया जा रहा है।

### कलेक्टर ने अस्पताल का लिया जायजा

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने बरमकेला ब्लॉक के आयुष्मान आरोग्य केन्द्र लेंधरा का शनिवार को निरीक्षण किया। उन्होंने दवा केन्द्र में दवा की उपलब्धता, एक्सपायरी डेट आदि की जानकारी ली। इसके बाद प्रसव कक्ष, ऑपरेशन कक्षए पैथोलॉजी लैब का निरीक्षण किया। साथ ही प्रसव के बाद फालोअप में आई महिला से उनके और बच्चे के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ने सभी कक्ष में जाकर वहां उपस्थित स्टॉफ से अब तक किए गए प्रसवए ऑपरेशन, टेस्ट आदि के बारे में पूछकर हॉस्पीटल के व्यवस्था की जांच की। कलेक्टर ने वहां के कर्मचारी, डॉक्टर, नर्स, सहायक, डॉक्टर के प्रकार एमबीबीएस, आयुर्वेद आदि की पोस्टिंग, मुख्यालय में निवास करने की व्यवस्था, गृह ग्राम, एमबीबीएस पढ़ाई के दौरान बांड से प्राप्त डॉक्टरों के गृह ग्राम आदि के बारे में जानकारी ली। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य अभिलाषा नायक उपस्थित थीं, जिन्हें आभा कार्ड के बारे में जानकारी दी गई।

### कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार



**बिलाईगढ़।** कोतवाली पुलिस ने 15 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ एक महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है। 31 जनवरी को पुलिस टीम द्वारा ग्राम बोहारडीह पारा हिर्री में रेड कार्यवाही की गई। रेड के दौरान एक महिला गुलापा जांगड़े पति रामकुमार जांगड़े, 40, निवासी बोहारडीह पारा हिर्री के घर की बाड़ी से पीले रंग के प्लास्टिक डिब्बे में रखी 15 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमत लगभग 3 हजार जब्त किया गया है।

### बरमकेला में की जा रही सरसों की खेती

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने बरमकेला ब्लॉक के ग्राम खपरापाली और तोरना में शनिवार को सरसों की खेती का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां किसानों से उनके द्वारा रबी सीजन में किए जा रहे सरसों की खेती की तारीफ की। किसानों ने और मैदानी कृषि अधिकारियों ने कलेक्टर को जानकारी दी कि वे विगत 3 वर्ष से खेती कर रहे हैं। खपरापाली के 50 बड़े किसान और 30 मध्यम किसान ने लगभग 250 एकड़ में खेती कर रहे हैं। साथ ही साथ आसपास के गांव झनकपुर, पुरैना, लोधिया के भी किसान बड़ी संख्या में सरसों की खेती कर रहे हैं। खपरापाली में किसान टेकचंद ने 10 एकड़, डोलनारायण और दौलतराम साहू ने 7 एकड़ और राजाराम पटेल ने 20 एकड़ में खेती की है। कलेक्टर ने कहा कि सभी मैदानी कृषि अधिकारी किसानों के साथ चौपाल में बैठकर उन्हें रबी सीजन में धान और अन्य दलहनी तिलहनी फसल के अंतर, लाभ हानि को समझाएं और उन्हें ज्यादा से ज्यादा मात्रा में धान के बदले दलहनी तिलहनी फसल की खेती करने के लिए प्रोत्साहित करें।

## कुछ दिन पहले गांव के पास हो गई थी मौत, लोगों ने बाल भी कटवाए

# हाथी शावक की आत्मा की शांति के लिए ग्रामीणों ने किया दशकर्म, भजन के साथ निभाई पूरी रस्में

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

अमूमन किसी के निधन होने पर उनकी आत्मा की शांति के लिए सामाजिक रीति रिवाज के साथ अन्य रस्में पूरी की जाती है, लेकिन जानकर आश्चर्य होगा कि एक हाथी शावक की मौत के बाद ग्रामीणों ने उसकी आत्मा की शांति के लिए दशकर्म का रिवाज निभाया। गांव में शांति बना रहे और किसी वन्य जीव की असामयिक मौत न हो इसके लिए भजन के साथ सामूहिक भोज भी कराया गया। दिलचस्प बात यह है कि पूरी सामाजिक रीति रिवाज के हिसाब से ग्रामीणों ने बाल उतवाए और दाड़ी बनवाई। यह सब रस्में बंगुरसियां गांव के बड़झरिया तालाब के पास निभाई गई। ग्रामीणों ने पंगत में भोजन किया और हाथी शावक के आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

**खास बात**

- गांव में शांति बना रहे, इसके लिए ग्रामीणों ने कराया सामूहिक भोजन

दरअसल बीते दिसंबर में रायगढ़ वन परिक्षेत्र के बंगुरसियां क्षेत्र में एक हाथी शावक की मौत हो गई थी। खास बात यह है कि इस गांव में हर दिन सुबह हाथियों का आगमन होता है। गांव में लगे फसल को खाकर भूख मिटाते हैं। इसी तरह बीते 20 दिसंबर को गांव में हाथी पहुंचे थे। इसमें से एक शावक की मौत हो गई थी। धान खरीदी केंद्र के पास शावक का शव मिला था। ग्रामीणों ने इसका कफन-दफन भी किया था। इसके बाद हाथी शावक के आत्मा की शांति के लिए दशकर्म का आयोजन किया गया। इस दौरान जो रस्में दशकर्म के दौरान निभाई जाती है उसी तर्ज पर बंगुरसियां के बड़झरिया तालाब के पास पूरी की गई।





जहां हाथी को दफन किए थे वहां पूजा और पंगत में भोजन के लिए बैठे ग्रामीण।

### पूरे गांव के लोग हुए शामिल

बड़झरिया तालाब के आसपास जितने लोग रहते हैं सभी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं और अन्य ग्रामीणा यहां पहुंचे थे और पंगत में बैठकर सामूहिक भोजन किया। वहां ग्रामीणों ने बैठकर काफी देर तक भजन किया। यह केवल एक रिवाज ही नहीं बल्कि गांव का संस्कार और वन्य जीवों के प्रति प्रेम भी है। भलेहि हाथी कुछ नुकसान पहुंचाते हैं, लेकिन गांव के लोग इससे नाराज नहीं होते बल्कि उनकी रक्षा करते हैं। कई मायनों में गांव के लोगों का यह वन्य जीव प्रेम किसी मिसाल से कम नहीं है। इस पूरे कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों के साथ वन विभाग के अधिकारी- कर्मचारी भी मौजूद रहे। उनकी उपस्थिति में ही इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गांव के सरपंच आलोक गुप्ता, अमित गुप्ता के साथ वन विभाग की ओर से सीएफओ प्रेमा तिर्की, बीएफओ विजय ठाकुर, एससीएफओ ललित राठिया और प्रशिक्षु रेंजर ज्योति ध्रुव भी मौजूद रहीं।



## सवालों में ऐसे उलझे अभ्यर्थी कि भावी शिक्षकों का निकला पसीना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कितनी ख्वाहिश थी गुरुजी बनकर बच्चों को पढ़ाने की, लेकिन क्वेश्चन देखते ही सारे सपने कांच की तरह टूट कर बिखर गए। हालात यह रहा कि फिजिक्स, केमेस्ट्री और विज्ञान के सवालों में अभ्यर्थी ऐसे उलझे की भावी शिक्षकों का पसीना ही निकल गया।

परीक्षा देने वाले परीक्षार्थियों ने बताया कि इतने कठिन प्रश्न तो अब तक कभी आया ही नहीं था। कुछ अभ्यर्थियों ने तो इससे पीएससी लेबल के सवाल भी बता दिया। खास बात यह है कि प्रथम पाली में तो छग से संबंधित एक भी सवाल नहीं पूछे गए थे। दूसरी पाली में करीब पांच क्वेश्चन पूछे गए थे, उसमें भी सवाल ऐसे थे की दिमाग चकरा गया। कुल मिलाकर शिक्षक बनने की ख्वाब देखने अधिकांश अभ्यर्थियों के सपने टूट गए। रविवार को व्यापमं की ओर से टीईटी (शिक्षक पात्रता ) परीक्षा का आयोजन किया गया था। इसके लिए जिले में पहली पाली के लिए 30 और दूसरी पाली में 47 परीक्षा सेंटर बनाए गए थे। पहली पाली याने प्रायमरी स्कूल शिक्षक पात्रता के लिए जिले में 8 हजार 235 रजिस्ट्रेशन हुआ था। इसमें 7 हजार 401 लोग जहां परीक्षा दी। वहीं 834 अभ्यर्थी अबसेंट रहे। इसी तरह दूसरी पाली याने मिडिल के लिए 13 हजार 59 लोगों का रजिस्ट्रेशन हुआ था। इसमें 11 हजार 950 ने जहां परीक्षा दिया। वहीं 1 हजार 109 लोग परीक्षा सेंटर पहुंचे ही नहीं। दूसरी ओर व्यापमं द्वारा इतने कठिन सवाल पूछे गए थे कि भावी शिक्षकों का पसीना ही निकल गया।

## तेज रफ्तार ट्रेलर ने पहले तोड़ा फाटक, फिर फंस गया रेलवे ट्रैक में, 4 घंटे बाद बहाल

**रायगढ़।** रात करीब एक बजे चालक नशे में था या नींद में उसे रेलवे फाटक नजर ही नहीं आई और सीधे तोड़ते हुए जाकर रेलवे ट्रैक में फंस गया। इसकी जानकारी मिली तो रेलवे में एक बारगी अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। मौके पर अधिकारी पहुंचे और दोनों दिशाओं की गाड़ियों को रोका गया। खास बात यह है कि जब गाड़ी फंस गई तो ड्राइवर वहां रुका नहीं बल्कि वाहन छोड़कर फरार हो गया।

आरपीएफ पुलिस उसे रात भर ढूंढती रही, लेकिन वह मिला नहीं। ऐसे में किसी तरह करीब चार घंटे की मशक्कत के बाद सुबह करीब 5बजे बाहर निकाली गई। तब जाकर रेल सेवाएं बहाल हो सका। यह घटना खरसिया नहरपाली फाटक की है, जहां शुक्रवार शनिवार की रात करीब एक बजे यह घटना हुई। जानकारी के अनुसार दक्षिण पूर्व रेलवे के मुंबई हावड़ा ओर हावड़ा मुंबई रेल मार्ग में आने वाले भूपदेवपुर रेलवे स्टेशन क्षेत्र के नहरपाली रेल फाटक में तेज रफ्तार कोयला लोड ट्रेलर ने रेलवे फाटक के लीवर क्रासिंग में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे ट्रेलर का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और क्रासिंग पूरी तरह टूट गई। हादसे के बाद ट्रेलर रेलवे ट्रैक के ठीक बीचों-बीच फंस गया, जिसके चलते रेल यातायात कई घंटों तक बाधित हो गया था। घटना 31 जनवरी की रात करीब एक-डेढ़ बजे के बीच की बताई जा रही है।



- ट्रैक में गाड़ी छोड़कर फरार हो गया चालक, रातभर ढूंढती रही आरपीएफ पुलिस

### लगातार बजती रही खतरे वाली सायरन


पटरी पर ट्रेलर से घूसने से टेडिशनल बाक्स, बुम पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद सायरन बजा तो कर्मचारियों ने इसकी सूचना रायगढ़ भेजी। जहां ट्रेन मार्ग को कुछ समय के लिए बंद कर दिया गया है। जहां स्थिति की जांच के बाद डाउन लाईन से प्रभावित ट्रेनों को निकाला गया। रायगढ़ और बिलासपुर से पहुंची टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद ट्रेलर को पटरी से बाहर निकाला। सुबह करीब 5.25 में जांच के बाद ट्रेन को पटरी में बहाल कर दिया गया।

हादसे के बाद लगातार सायरन बजता रहा। इसके बाद रायगढ़ से अफसरों की टीम मौके पर पहुंची। फिर बचाव दल की टीम ने ट्रेलर को बाहर निकाला। सुबह करीब 5 बजे के आसपास ट्रैक से ट्रेलर को बाहर निकाला गया। ऐसे में कई ट्रेनें अलग-अलग स्टेशन में खड़ी रही। घंटो बाद रेल मार्ग सही हो सका।

## कोतरलिया रायगढ़, किरोड़ीमल नगर, भूपदेवपुर चौथी रेल लाइन को रेल परिचालन की अनुमति

**रायगढ़।** रेल अधोसंरचना के सुदृढ़ीकरण तथा ट्रेनों के सुरक्षित एवं सुचारु परिचालन को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में नई रेल लाइनों के निर्माण, दोहरीकरण तथा तृतीय एवं चतुर्थ रेल लाइन परियोजनाओं पर तीव्र गति से कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में बिलासपुर झारसुगुड़ा रेलखंड के मध्य लगभग 206 किलोमीटर लंबी विद्युतीकृत चौथी रेल लाइन परियोजना को चरणबद्ध रूप से पूर्ण किया जा रहा है।

इस महत्वाकांक्षी परियोजना के अंतर्गत कोतरलिया, रायगढ़, किरोड़ीमल नगर, भूपदेवपुर स्टेशनों के मध्य 26.1 किलोमीटर लंबी नई विद्युतीकृत चौथी रेल लाइन का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इंटरलॉकिंग सहित सभी आवश्यक तकनीकी कार्यों की पूर्णता के पश्चात दक्षिण पूर्व सर्किल के आयुक्त, रेलवे सेफ्टी सीआरएस बीके मिश्रा द्वारा 29 एवं 30 जनवरी को इस नई चौथी रेल लाइन का गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण की शुरुआत भूपदेवपुर स्टेशन से की गई, जहां आयुक्त द्वारा स्टेशन के केबिन, पैनल रूम एवं यार्ड का सूक्ष्म निरीक्षण किया गया तथा संबंधित अधिकारियों से तकनीकी एवं परिचालन संबंधी चर्चा की गई।



- आयुक्त, रेलवे सेफ्टी ने किया निरीक्षण

इसके पश्चात आयुक्त द्वारा निरीक्षण दल के साथ भूपदेवपुर से कोतरलिया स्टेशन तक मोटर ट्रॉली द्वारा नई चौथी रेल लाइन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान इंटरलॉकिंग प्रणाली, प्वाइंट एवं क्रॉसिंग,ओवरहेड इक्विपमेंट ओएचई, पुल, समपार फाटक, सिग्नलिंग सिस्टम सहित परिचालन एवं संरक्षा से जुड़े सभी पहलुओं की विस्तारपूर्वक जांच की गई। निरीक्षण उपरांत ओएमएस कोच के साथ हाई स्पीड स्पीड ट्रायल भी सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। सभी परीक्षण संतोषजनक पाए जाने के पश्चात आयुक्त, रेलवे सेफ्टी द्वारा इस नई चौथी रेल लाइन पर रेल परिचालन की अनुमति प्रदान कर दी गई है। इस अनुमति के साथ ही उक्त रेलखंड पर सवारी एवं मालगाड़ियों का निर्बाध, सुरक्षित एवं नियमित परिचालन प्रारंभ करने का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

### चौथी रेल लाइन परियोजना की लागत लगभग 2135.34 करोड़

चौथी रेल लाइन के चालू होने से इस व्यस्त रेलखंड की लाइन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि, ट्रेनों की समयबद्धता में सुधार, तथा माल एवं यात्री यातायात को सुगमता प्राप्त होगी। साथ ही, यह परियोजना क्षेत्रीय औद्योगिक विकास एवं लॉजिस्टिक्स को भी नई गति प्रदान करेगी। उल्लेखनीय है कि बिलासपुर, झारसुगुड़ा चौथी रेल लाइन 206 किमी परियोजना की लागत लगभग 2135.34 करोड़ है। इस परियोजना के अंतर्गत अब तक 175 किलोमीटर से अधिक रेल लाइन का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है, जिससे इस संपूर्ण रेलखंड पर क्षमता विस्तार का लक्ष्य तेजी से साकार हो रहा है।

## बाथरुम में ऑनलाइन सट्टे का जला दिया सबूत

**रायगढ़।** जूटमिल, चक्रधरनगर एवं साइबर पुलिस की टीम ने छापेमारी करते हुए ऑनलाइन सट्टा खिलाने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चक्रधरनगर व साइबर थाना की टीम ने पक्की खोली सिंधी कॉलोनी में दबिश देकर सुरेश माखिजा और उसके बेटे गिरीश माखिजा को पकड़ा।

दबिश के दौरान घर का दरवाजा अंदर से बंद मिला, काफी प्रयास के बाद पुलिस भीतर पहुंची तो सुरेश माखिजा मौजूद मिला। पूछताछ में उसने सट्टा जुआ चलाना स्वीकार किया। इसी बीच बाथरूम से जलने की बदबू आने पर दरवाजा खुलवाया गया, जहां उसका बेटा गिरीश माखिजा मिला जो साक्ष्य नष्ट करने के उद्देश्य से कुछ सामग्री जला कर फ्लश कर चुका था। मौके पर पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि वे अपने घर से ही मोबाइल के माध्यम से व्हाट्सएप पर सट्टा खेलने वालों से अंकों का विवरण लेते थे, दांव की राशि यूपीआई के जरिए अपने बैंक खातों में मंगवाते थे और जीत की रकम ऑनलाइन ही वापस करते थे। पुलिस ने दोनों के कब्जे से दो 5जी मोबाइल फोन जब्त किए हैं, जिनके व्हाट्सएप चैट और फोटो गैलरी में विभिन्न अंकों पर रुपए के दांव से संबंधित सट्टा पट्टी के प्रमाण पाए गए। सुरेश माखिजा 65 एवं गिरीश माखिजा 34 वर्ष दोनों निवासी वार्ड क्रमांक 22 पक्की खोली सिंधी कॉलोनी थाना चक्रधरनगर के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 06(क) 7 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर 31 जनवरी 2026 की रात विधिवत गिरफ्तारी की गई है। ट्रांजेक्शन डिटेल निकाले जा रहे हैं मामले में आगे जांच जारी है।

## पेट्रोल पंप कर्मियों से मारपीट करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** कुरमापाली पेट्रोल पंप पर पेट्रोल कर्मियों से मारपीट करने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर गैर जमानतीय धाराओं में रिमांड पर भेज दिया है। घटना की रिपोर्ट खगपति पटेल पिता दुखुराम पटेल 53 निवासी ठाकुरपाली द्वारा थाना कोतरारोड़ में दर्ज कराई गई थी। बताया गया कि 01 फरवरी को सुबह करीब 7 बजे वे पेट्रोल पंप पर मौजूद थे, उनके साथ रात्रि शिफ्ट कर्मचारी कमलेश पटेल एवं मनीष कुमार पटेल भी थे। इसी दौरान दो युवक शराब पीने के लिए पैसे मांगने लगे, मना करने पर गाली गलौच करते हुए मारपीट शुरू कर दी। कर्मचारियों द्वारा बीच, बचाव करने पर दोनों युवक मोटरसाइकिल से चले गए, लेकिन कुछ ही देर बाद दो अन्य साथियों के साथ लौटकर तीनों कर्मचारियों पर फिर हमला कर दिया। कोतरारोड़ पुलिसे धारा 296, 351(3) 115(2) 117(2) 119(2) 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आहत खगपति पटेल, कमलेश पटेल एवं मनीष कुमार का चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया। आरोपियों की पहचान भानू प्रताप बघेल पिता स्व. जगतराम बघेल, कौशल बघेल पिता गुलाल बघेल को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।



### फिर ट्रांसफर कार्ड पर फर्जी हस्ताक्षर कर डीलर और अन्य लोगों को भरोसा दिलाते थे चोरी की नहीं है

# फर्जी आरसी बनाने आनलाइन से मंगाते थे कार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पुलिस ने बाइक चोरी कर फर्जी दस्तावेज तैयार कर उन्हें बाजार में बेचने वाले एक बड़े संगठित गिरोह का खुलासा किया है। कार्रवाई में गिरोह के मुख्य बाइक चोर मुकेश चौहान समेत 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर 25 चोरी की बाइक, एक एप्पल लैपटॉप और एक कलर प्रिंटर बरामद किया गया है। गिरोह का एक सदस्य पहले ही जेल में निरुद्ध है।

थाना पूंजीपथरा और साइबर थाना की संयुक्त टीम ने दो चोरी की बाइक के साथ संदिग्ध मुकेश प्रधान ग्राम रूडेकेला को पकड़ा। पूछताछ में उसने बताया कि बाइक उसने ऑटो डीलर में काम करने वाले पुरूषोत्तम प्रधान लैलूंगा से खरीदी थी। आगे पूछताछ में खुलासा हुआ कि पुरूषोत्तम प्रधान अपने साथी श्याम ऑटो डीलर लैलूंगा के मैनेजर चंद्र कुमार यादव के साथ मिलकर बाइक चोर मुकेश चौहान से चोरी की बाइक को आरटीओ में पूर्व में कंप्यूटर ऑपरेटर रहे अजय पटेल और संजय अगरिया के जरिए लोक सेवा केंद्र से वाहनों के फर्जी कागजात व फर्जी रजिस्ट्रेशन तैयार कर बिक्री करते थे।



पुलिस जब मुख्य आरोपी मुकेश चौहान तक पहुंची तो उसने बताया कि वह अपने साथी विकेश दास महंत वर्तमान में जेल में निरुद्ध के साथ पूंजीपथरा, तमनार, घरघोड़ा और रायगढ़ के बाजारों से करीब 25 बाइक चोरी कर चुका है, जिनमें अधिकांश एचएफ डीलक्स बाइक हैं। विकेश दास महंत पूर्व में भी बाइक चोरी में गिरफ्तार हो चुका है, जिसे हाल ही में पुसौर पुलिस ने गिरफ्तारी वारंट के पालन में जेल दाखिल कराया है। आरोपी मुकेश चौहान ने खुलासा किया कि चोरी की बाइक बेचते समय पकड़े जाने के खतरे को देखते हुए उसने ऑटो डीलर मैनेजर चंद्र कुमार यादव से संपर्क किया। इसके बाद चंद्र कुमार ने फर्जी दस्तावेज बनाने के लिए अजय पटेल और संजय अगरिया को जोड़ा और पुरानी बाइक खरीद बिक्री करने वाले कोतबा के ऑटो डीलर से संपर्क किये। इसके पश्चात यह लोग फर्जी दस्तावेजों के आधार पर कोतबा आटो डीलर को अंधेरे में रखकर उसके पास 8 बाइक खपा चुके थे जिसे पुलिस ने बरामद किया है। अजय पटेल चोरी की बाइक के चेचिस नंबर से असली मालिक की जानकारी निकालकर अमेजॉन से आरसी कार्ड मंगवाता था। कंप्यूटर में उसमें हेरफेर कर हूबहू फर्जी आरसी प्रिंट करता था। फिर ट्रांसफर कार्ड पर फर्जी हस्ताक्षर कर डीलरों व आम लोगों को यह भरोसा दिलाया जाता था कि बाइक चोरी की नहीं है। पुलिस ने अजय पटेल से लैपटॉप, प्रिंटर और पीबीसी कार्ड जब्त किए हैं। बरामद तीन बाइक थाना पूंजीपथरा के अपराध क्रमांक 05/2026, 09/2026 और अपराध क्रमांक 10/2026 धारा 303(2) बीएनएस' से संबंधित हैं, जबकि शेष वाहनों के मालिकों से संपर्क कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। संगठित रूप से अपराध किए जाने पर 'प्रकरण में धारा 112 (2) और फर्जी कोर्ट रचित दस्तावेज तैयार करने की धारा 317(2) 336(3) बीएनएस जोड़ी गई है।

### ये हैं शातिर चोर जिनको पुलिस ने किया है गिरफ्तार

मुकेश चैहान उर्फ नान्ही पिता हीरालाल चौहान 25 ग्राम भकुर्रा थाना लैलुंगा बाइक चोर 3 बाइक बरामद, चन्द्र कुमार यादव पिता राजाराम यादव ग्राम सरडेगा थाना लैलुंगा ऑटोडीलर मैनेजर 5 बाइक बरामद, पुरूषोत्तम प्रधान पिता भोजराज प्रधान उम्र 30 वर्ष ग्राम मुडागांव थाना लैलुंगा ऑटोडीलर कैश मैनेजर 4 बाइक बरामद, मुकेश प्रधान पिता सेतराम प्रधान ग्राम रूडुकेला चोरी 2 बाइक बरामद, इरशाद खान पिता इब्राहिम खान ग्राम करवारजोर आटो डीलर कर्मी 3 चोरी बाइक बरामद, अजय पटेल पिता महेंन्द्र पटेल ग्राम चारभांठा थाना भूपदेवपुर लोक सेवा केन्द्र संचालक कम्युटर, प्रिंटर बरामद, संजय अगरिया, देलारी लोक सेवा केन्द्र कम्युटर आपरेटर। 16 लाख की बाइक और अन्य सामान बरामद किया गया है।

### कलेक्टर ने कोसा उत्पादन केन्द्र का निरीक्षण किया

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ.संजय कन्नौजे ने बरमकेला ब्लॉक के ग्राम तोरना में शनिवार को कोसा उत्पादन केन्द्र का निरीक्षण किया। मैदानी अधिकारी ने कलेक्टर को जानकारी दी कि यहां 19 किसान रेशम को कोसा उत्पादन कर रहे हैं। कोकून उत्पादन लगातार 3 वर्ष तक अलग अलग चरण में निश्चित समय में कोकून परिपक्व होने पर उसे तोड़ा जाता है और धागाकरण के लिए कोकून भेजा जाता है। कलेक्टर ने किसानों और रेशम विभाग के अधिकारी से मिट्टी की किस्म, इसमें अधिक उपजाउ होने वाले कंद मूल की जानकारी लेकर उन्हें पौधों के बीच बचे भूमि में कंद मूल जैसे जिमीकंद, हल्दी, कोचई, अदरक आदि उत्पादन करने के सुझाव दिए। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर शिक्षा शर्मा, जनपद पंचायत सीईओ अजय पटेल उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### नशीले इंजेक्शन का सप्लायर जीजा के साथ गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब टीम ने झारखंड के सप्लायर के साथ उसके जीजा को गिरफ्तार किया। टीम ने आरोपियों के पास से 6 लाख कीमत की 1200 नग नशीला इंजेक्शन जब्त किया। आरोपी जीजा-साला को न्यायालय पेश किया गया जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार बतौली क्षेत्र में शुक्रवार की शाम गश्त करने जा रहे संभागीय आबकारी उडन दस्ता की टीम जैसे ही बेलकोटा बस स्टॉप के समीप पहुंची तभी दो व्यक्ति को बोरियों के साथ संदिग्ध हालत में देखा। शंका के आधार पर सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने अपनी वाहन को रूकवाया तो दोनों घबरा गए। टीम ने जब पूछताछ किया तो एक व्यक्ति ने अपना नाम अनूप गुप्ता निवासी गोदरमाना जिला गढ़वा झारखंड का होना बताया तथा दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम विनय गुप्ता निवासी पाटोली निवासी बताया। टीम ने दोनों के पास रखें बोरे की तलाशी तो उनके होश उड़ गए। बोरी में 6 लाख कीमत के 12 सौ नग नशीला इंजेक्शन मिला। संभागीय आबकारी टीम ने नशीले इंजेक्शन को जब्त कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। आज टीम ने आरोपियों के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 सी के तहत गिरफ्तार कर विशेष न्यायालय में पेश किया जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है। इस संबंध में सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने बताया कि गोदरमाना झारखंड निवासी अनूप गुप्ता का नाम एक दो बार नशीला इंजेक्शन सप्लायर के रूप में सामने आया था परंतु कभी पकड़ में नहीं आ रहा था।

### 2.9 किलो पेंगोलिन शल्क के साथ पंचायत सचिव व सहयोगी गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो से मिली सूचना पर वन विभाग की टीम ने तहसील मुख्यालय कुसमी स्थित एक लॉज में छापा मारकर पेंगोलिन शल्क के साथ एक पंचायत सचिव को गिरफ्ता करने में सफलता पाई है। पेंगोलिन संकटग्रस्त जीवों में शामिल है तथा इसके संरक्षण के लिए शासन ने इसे वन्य जीव संरक्षण अधिनियम की अनुसूची -1 में शामिल किया है। सरगुजा संभाग के कुछ जंगलों में सीमित संख्या में पेंगोलिन मौजूद है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में पेंगोलिन शल्क की भारी मांग होने एवं मोटी कमाई होने के लालच में लोग लगातार पेंगोलिन का शिकार कर उसके शल्क की तस्करी कर रहे हैं। वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरों को ग्राम पंचायत त्रिपुरी के सचिव शिवराम द्वारा पेंगोलिन शल्क को खपाने के लिए ग्राहक तलाशने की सूचना मिली थी जिसकी सूचना पर वन अधिकारियों ने मुखबिरों को लगाया था। पंचायत सचिव द्वारा लॉज के कमरे में पेंगोलिन शल्क की सौदेबाजी करने की सूचना मिली। सूचना पर उपवन मंडलाधिकारी रविशंकर श्रीवास्तव के निर्देशन में प्रशिक्षु उप वन मण्डलाधिकारी मणिकांत वर्मा के नेतृत्व में वन अमले ने छापामार कार्रवाई कर 2.9 किलो पेंगोलिन शल्क के साथ आरोपी पंचायत सचिव शिवराम को गिरफ्तार किया। जांच में अन्य आरोपी शाहिद रजा की संलिप्तता पाए जाने पर उसे भी गिरफ्तार किया गया। आरोपियों को वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9,39,44,49,50,51,52 एवं 57 के तहत जेल दाखिल किया गया है।

### सरगुजा में 71 वारंटियों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**अंबिकापुर।** जिले में पुलिस ने वारंटियों के खिलाफ अभियानक चलाकर बड़ी कार्रवाई की है। सरगुजा पुलिस ने 24 घंटे के भीतर 54 स्थाई समेत कुल 71 वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। बता दें कि एसएसपी व डीआईजी राजेश अग्रवाल ने न्यायालय द्वारा जारी किए गए स्थाई और गिरफ्तारी वारंट के आरोपियों को पकड़कर न्यायालय में पेश करने के निर्देश दिए थे। एसएसपी के निर्देश पर एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लों, सीएसपी राहुल बंसल, एसडीओपी सीतापुर राजेंद्र मंडावी, एसडीओपी ग्रामीण तूल सिंह पट्टावी के नेतृत्व मे जिला मुख्यालय एवं प्रत्येक थाना चौकी स्तर पर थाना-चौकी प्रभारियो द्वारा क्षेत्र में सर्चिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान 24 घंटे के भीतर जिलेभर में 54 स्थाई वारंट एवं 17 गिरफ्तारी वारंट के आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जिले में पुलिस टीम ने कुल 71 वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। अभियान के दौरान थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा 19 स्थाई वारंट एवं 02 गिरफ़्तारी वारंट, थाना गांधीनगर द्वारा 13 स्थाई वारंट, थाना मणीपुर द्वारा 4 स्थाई वारंट एवं 5 गिरफ्तारी वारंट, थाना उदयपुर द्वारा 3 स्थाई वारंट एवं 2 गिरफ्तारी वारंट, थाना लखनपुर द्वारा 2 स्थाई वारंट, थाना कमलेश्वरपुर द्वारा 1 स्थाई वारंट एवं 3 गिरफ्तारी वारंट, थाना लुन्ड्रा द्वारा 3 गिरफ्तारी वारंट, थाना बतौली द्वारा 4 स्थाई वारंट, थाना धौरपुर द्वारा 2 स्थाई वारंट, थाना सीतापुर द्वारा 1 स्थाई वारंट एवं 4 गिरफ्तारी वारंट, थाना दरिमा द्वारा 2 स्थाई वारंट एवं 1 गिरफ्तारी वारंट के वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजनें की कार्रवाई की गई है। बताया जा रहा है कि कारवाई के दौरान कमलेश्वरपुर अंतर्गत मानव तस्करी के प्रकरण में न्यायालय द्वारा 18 वर्ष पूर्व के मामले में पत्थलगांव जुनगानी खारापारा निवासी राजेश एक्का का स्थाई वारंट जारी किया गया था।

## बजट पर भाजपा नेताओं ने दी प्रतिक्रिया

# केंद्र का बजट अपार संभावनाओं का राजमार्गः साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

सरगुजा विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष गोमती साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने स्पष्ट किया है कि भारत केवल तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनकर संतुष्ट नहीं रहेगा, बल्कि जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। यह बजट अपार अवसरों का राजमार्ग है। गंभीर बीमारियों की जीवनरक्षक दवाओं को सस्ता कर सरकार ने आमजन की पीड़ा को समझने का काम किया है, वहीं इंफ्रास्ट्रक्चर और सामाजिक क्षेत्रों में निवेश से आदिवासी अंचलों का कायाकल्प होगा।



### मध्यम वर्ग को राहतः भगत



जशपुर विधायक रायमुनी भगत ने कहा कि आयकर छूट सीमा 12 लाख रुपये करना मध्यम वर्ग को सीधी और बड़ी राहत है। यह बजट वर्तमान के सपनों को साकार करने वाला और भविष्य की नींव मजबूत करने वाला है। महिला, किसान और युवा तीनों को केंद्र में रखकर यह बजट तैयार किया गया है।

### गांव और किसान को आर्थिक रूप से मजबूत करगा



जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने कहा है कि देश की सबसे बड़ी पूंजी उसके नागरिक हैं और यही सोच इस बजट में साफ दिखाई देती है। डेयरी, नारियल, काजू और कोको किसानों को प्राथमिकता, भारत विस्तार ऐप के माध्यम से किसानों को उनकी भाषा में जानकारी ये फैसले गांव और किसान को आर्थिक रूप से मजबूत करेंगे।

### युवाशक्ति बजट एवं वैश्विक नेतृत्व की घोषणा



भाजपा जिलाध्यक्ष भरत सिंह ने कहा कि यह युवा शक्ति बजट है। ऑरेंज इकोनॉमी, पर्यटन, खेलो इंडिया, डेटा सेंटर हब बनने की दिशा में टैक्स छूट और हर जिले में गर्ल्स हॉस्टल निर्माण जैसे फैसले युवाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाएंगे। यह बजट भारत के आत्मविश्वास और वैश्विक नेतृत्व की घोषणा है।

### स्किल, स्केल एवं सस्टेनबिल्टी का मजबूत आधार



भाजपा के पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय ने कहा कि देश में रिफॉर्म एक्सप्रेस पूरी रफ्तार से दौड़ रही है। सनराइज सेक्टर, रेयर अर्थ कॉरिडोर, क्रिटिकल मिनरल्स, टेक्सटाइल और हाईटेक टूल मैन्युफैक्चरिंग पर फोकस यह दिखाता है कि सरकार केवल आज नहीं, आने वाले दशकों की तैयारी कर रही है। यह बजट स्किल, स्केल और सस्टेनेबिलिटी का मजबूत आधार है।

### भारत की बिकास यात्रा को मिलेगी नई रफ्तार



पूर्व राज्यसभा सांसद रणविजय सिंह जूदेव ने कहा कि यह एक यूनिक बजट है, जिसमें फिस्कल डेफिसिट को काबू में रखते हुए हाई कैपेक्स और हाई ग्रोथ का बेहतरीन संतुलन बनाया गया है। हाई स्पीड रेल कॉरिडोर और टियर-2 व टियर-3 शहरों के विकास से भारत की विकास यात्रा को नई रफ्तार मिलेगी।

## बजट पर कांग्रेस ने कहाः आम जनता को कुछ नहीं मिला

**जशपुरनगर।** कांग्रेस नेता के सहस्त्रांशु पाठक ने केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए इसे आम जनता के लिए निराशाजनक बताया है। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया गया बजट कॉरपोरेट घरानों को समर्पित है, जबकि शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसे बुनियादी मुद्दों को पूरी तरह नजरअंदाज किया गया है।

पाठक ने कहा कि छत्तीसगढ़ की एक बार फिर उपेक्षा हुई है। राज्य के कोयला, लौह अयस्क और बॉक्साइट जैसे खनिज संसाधनों के दोहन के लिए कॉरिडोर बनाने की बात तो की गई, लेकिन राज्य के विकास के लिए कोई ठोस प्रावधान नहीं किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि इसका लाभ केवल कुछ उद्योगपतियों को ही मिलेगा। कांग्रेस नेता ने कहा कि बजट महंगाई कम करने, नए रोजगार सृजित करने और किसानों की आय बढ़ाने में पूरी तरह विफल रहा है। लघु उद्योगों के लिए मात्र 10 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान ऊँट के मुँह में जीरा साबित होगा।

उन्होंने यह भी कहा कि पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज ड्यूटी में कोई राहत नहीं दी गई, जिससे आम जनता पर बोझ बना रहेगा। बजट पेश होने के दौरान शेयर बाजार में आई गिरावट इस बात का संकेत है कि कारोबारी वर्ग भी इस बजट से खुश नहीं है।सहस्त्रांशु पाठक ने कहा कि यह बजट युवाओं, किसानों, छोटे व्यापारियों और गरीब वर्ग की उम्मीदों पर खरा नहीं उतर सका।

# ड्रोन से एनएच-43 के ब्लैक स्पॉट का निरीक्षण

**जशपुरनगर।** जिले में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डॉ. लाल उमेद सिंह के नेतृत्व में राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-43 पर अति दुर्घटनाजन्य व ब्लैक स्पॉट क्षेत्रों का विशेष संयुक्त निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में जिला प्रशासन, परिवहन विभाग और लोक निर्माण विभाग के अधिकारी भी शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान लोरो बगीचा, गम्हरिया तिराहा, बाला छापर तिराहा, लोरो घाट और पतराटोली सहित अन्य दुर्घटना संभावित स्थलों का ड्रोन कैमरे से सूक्ष्म सर्वेक्षण किया गया।

- लोरो बगीचा–पतराटोली सहित संवेदनशील स्थलों पर सुधार के निर्देश



**ब्लैक स्पॉट पर सख्तीः** ब्लैक स्पॉट लोरो बगीचा में प्रकाश व्यवस्था सुधारने, सड़क किनारे पार्किंग व्यवस्था तय करने, भारी वाहनों के लिए अलग पार्किंग, रम्बलर स्ट्रिप व चेतावनी बोर्ड लगाने और लोहे के स्टॉपर लगाने के निर्देश दिए गए। नियमों के उल्लंघन पर ढाबा संचालकों के खिलाफ कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए गए। पूर्व चिन्हित ब्लैक स्पॉट पतराटोली में बसों को निर्धारित स्टॉप पर ही रोकने, रम्बलर स्ट्रिप लगाने, ऑटो पार्किंग सुव्यवस्थित करने, कबाड़ वाहन हटाने और अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए।

**दुर्घटनाओं में आएगी कमीः** अधिकारियों का कहना है कि इन सुधारात्मक उपायों के लागू होने से दुर्घटनाओं की संभावनाओं में उल्लेखनीय कमी आएगी और यातायात अधिक सुरक्षित व सुगम बनेगा।

### इन बिंदुओं पर दिए गए निर्देश

गम्हरिया तिराहा में झाड़ियों की सफाई, रम्बलर स्ट्रिप लगाने, भारी वाहन प्रवेश निषेध बोर्ड की शिफ्टिंग, रोड मार्किंग और आयरलैंड/डिवाइडर के पुनर्स्थापन के निर्देश दिए गए। बाला छापर तिराहा में अवैध गुमटी हटाने, पेड़ों पर रेडियम पट्टी लगाने, सहायक मार्ग में रम्बलर स्ट्रिप, अवैध होल्डिंग हटाने और ट्रांसफार्मर शिफ्ट करने के निर्देश दिए गए। लोरो घाट क्षेत्र में गैप बंद करने, दीवारों पर पेंट व सुरक्षा स्लोगन लिखने, कैट्स आई, ड्रम और स्प्रिंग पोस्ट बदलने, खतरनाक मोड़ों व एक्सीडेंट जोन के संकेतक बोर्ड लगाने, झाड़ियों की सफाई, मोड़ों की क्रम संख्या अंकन, क्षतिग्रस्त दीवारों की मरम्मत, हाई मास्क लाइट की ऊंचाई बढ़ाने और रोड मार्किंग सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए।

### जन्म देने वाली मां ने दिखाई हैवानियत, झाड़ियों में फेंक दिया नवजात को

**भैयाथान।** मां ममता की मूरत होती है और बच्चों के लिए कुछ भी कर गुजरने के लिए हमेशा तत्पर रहती है। बच्चों की जान पर बन आए तो मां उसकी सुरक्षा के लिए अपनी जान देने तक तैयार हो जाती है। लेकिन इसके ठीक विपरीत एक मां ने उस समय हैवानियत की सारी हदे पार कर दी जब नवजात को मरने के लिए झाड़ियों में फेंक दी। लेकिन कहावत है कि जाको राखे साइयां मार सके न कोई। यह कहावत उस समय सही साबित हुई जब मार्ग से गुजर रहे लोगों की नजर झाड़ियों में बिलख रही नवजात पर पड़ी। नवजात को तत्काल अस्पताल लाया गया जहां व चिकित्सकों की निगरानी में सुरक्षित है।

## सरगुजा ओलंपिक में केंद्रीय विद्यालय का शानदार प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

रणजीता स्टेडियम में 30 से 31 जनवरी तक आयोजित ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता सरगुजा ओलंपिक में पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं जिले का नाम रोशन किया।

बास्केटबॉल प्रतियोगिता में विद्यालय की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए अंडर–17 बालिका वर्ग, अंडर–17 बालक वर्ग एवं सीनियर पुरुष वर्ग (आयु सीमा रहित) में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

बैडमिंटन प्रतियोगिता में श्रीमयी दास ने जूनियर बालिका एकल एवं युगल वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। आदित्य गुप्ता ने जूनियर बालक एकल वर्ग में द्वितीय तथा युगल वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। आदित्य पांडेय ने जूनियर बालक एकल एवं युगल दोनों वर्गों में तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं शौर्य मृगांक एवं अर्नव चौधरी की जोड़ी ने जूनियर बालक युगल वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस सफलता का श्रेय खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत एवं उनके कोच ए. नवीन कुमार के कुशल मार्गदर्शन को जाता है।

## नोटिस का जवाब नहीं देने वाले 109 प्रधान पाठकों का वेतन रुका

**पत्थलगांव।** विकासखण्ड शिक्षा अधिकरी ने छात्रवृत्ति का कार्य नहीं करने पर दिए गए नोटिस का जवाब नहीं देने वाले शालाओं के 109 प्रधान पाठकों के एक माह का वेतन रोका गया है।



विकासखण्ड पत्थलगांव अंतर्गत संचालित शासकीय प्राथमिक/माध्यमिक शालाओं के द्वारा शासन के महत्वपूर्ण योजना राज्य छात्रवृत्ति 2026 अंतर्गत छात्रवृत्ति का कार्य नहीं किये गये शालाओं के प्रधान पाठकों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया था, परंतु संबंधित प्रधान पाठकों के द्वारा न तो कारण बताओ सूचना पत्र का जवाब दिया गया और न ही छात्रवृत्ति जैसे महत्वपूर्ण कार्य को पूर्ण किया गया। इस संबंध में पत्थलगांव विकासखण्ड अंतर्गत 109 प्रधान पाठकों का माह जनवरी का वेतन कार्य पूर्ण होने तक रोका गया है। ज्ञात हो कि राज्य छात्रवृत्ति कार्य में विकासखण्ड पत्थलगांव में सिर्फ 35 प्रतिशत कार्य ही हुआ है। प्राथमिक स्तर एवं माध्यमिक स्तर दर्ज संख्या कम होने के बावजूद माह जुलाई 2025 से लेकर माह जनवरी 2026 तक बच्चों का खाता खुलवाने,आधार सिडिंग जैसे महत्वपूर्ण कार्य करने में प्रधान पाठकों के द्वारा लापरवाही बरती जा रही है । जिससे विकासखण्ड की छवि भी धूमिल हो रही है। इस कारण विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी वेदानंद आर्य के द्वारा वेतन रोकने की कार्रवाई की गई है।

### मतदाता सूची से नाम काटने के फर्जी आवेदन पर बवाल, अपराध दर्ज करने की मांग

**रामानुजनगर।** जिले के विधानसभा क्षेत्र प्रेमनगर अंतर्गत पोलिंग बूथ क्रमांक 201, ग्राम त्रिपुरेश्वरपुर में अल्पसंख्यक वर्ग के 32 मतदाताओं के नाम वर्तमान मतदाता सूची से हटाने के लिए फर्जी आवेदन दिए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि पूर्व नियोजित षड्यंत्र के तहत इन मतदाताओं को अन्यत्र स्थानांतरित अथवा मृत बताकर आक्षेप प्रारूप-07 में आवेदन प्रस्तुत किए गए। मामले की जानकारी मिलने पर ग्राम त्रिपुरेश्वरपुर के प्रभावित अल्पसंख्यक मतदाताओं ने थाना रामानुजनगर में फर्जी आवेदनकर्ताओं के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई है।

# हाथियों की निगरानी के लिए लगातार की जा रही गश्ती



**जशपुरनगर।** जशपुर वनमण्डल अन्तर्गत हाथियों का विचरण निरंतर बना हुआ है। वर्तमान में जशपुर वनमण्डल क्षेत्र में कुल 40 हाथियों का विचरण दर्ज किया गया है। हाथी-मानव द्वंद की संभावनाओं को न्यूनतम करने तथा जन-धन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से हाथी प्रभावित वन परिक्षेत्रों में हाथी गश्ती टीमों का गठन किया गया है। गठित गश्ती टीमें प्रत्येक दिवस रात्रि में नियमित रूप से हाथी गश्ती कर रही हैं। विचरणरत हाथियों की गतिविधियों पर वन अमला एवं रैपिड रिस्पॉन्स टीम के सदस्य सतत निगरानी बनाए हुए हैं। हाथियों की लोकेशन, मूवमेंट एवं व्यवहार की निरंतर समीक्षा कर आवश्यकतानुसार त्वरित कार्वाई की जा रही है।

साथ ही, संभावित संवेदनशील ग्रामों में मुनादी, मोबाइल संदेश, ग्राम स्तरीय संपर्क एवं अन्य माध्यमों से ग्रामीणों को समय-समय पर सूचित एवं सतर्क किया जा रहा है। ग्रामीणों से अपील की गई है कि वे हाथियों के निकट न जाएँ, रात्रि में अनावश्यक आवागमन से बचें तथा किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में तत्काल वन विभाग/आर.आर.टी. को सूचना दें। डीएफओ शशि कुमार ने बताया कि वन विभाग द्वारा हाथी प्रभावित क्षेत्रों में निरंतर निगरानी, त्वरित प्रतिक्रिया एवं जन-जागरूकता के माध्यम से स्थिति को नियंत्रित रखने के लिए सभी आवश्यक उपाय किए जा रहे हैं।

### ड्रोन तकनीक की पहल

वनमण्डल क्षेत्र में हाथियों का निरंतर विचरण बना हुआ है। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए हाथी प्रभावित वन परिक्षेत्रों में हाथियों की गतिविधियों की प्रभावी निगरानी तथा हाथीदृमानव द्वंद्व को न्यूनतम करने के उद्देश्य से वन अमला एवं रैपिड रिस्पॉन्स टीम के सदस्यों को ड्रोन संचालन का विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। वनमण्डलाधिकारी जशपुर वनमण्डल शशि कुमार ने बताया कि ड्रोन प्रशिक्षण कार्यक्रम को चरणबद्ध रूप से विभिन्न उपवनमण्डलों में आयोजित किया गया। जिसमें संबंधित उपवनमण्डलों के समस्त वन परिक्षेत्रों के कर्मचारी एवं आरआरटी सदस्य सम्मिलित हुए।

## टीईटी परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न, दो पालियों में 17 केंद्रों पर आयोजन



**जशपुरनगर।** जिले में रविवार को आयोजित शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) दो पालियों में पूरी तरह शांतिपूर्ण, व्यवस्थित और पारदर्शी तरीके से संपन्न हो गई। परीक्षा को लेकर अभ्यर्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला। अधिकांश परीक्षार्थी परीक्षा प्रारंभ होने से करीब दो घंटे पहले ही परीक्षा केंद्रों पर पहुंच गए थे, जिससे जांच और प्रवेश की प्रक्रिया समय रहते पूरी हो सकी।

- ड्रेस कोड में पहुंचे अभ्यर्थी, जैमर–उड़नदस्तों की रही कड़ी निगरानी

परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थी शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार निर्धारित ड्रेस कोड में पहुंचे। प्रवेश के दौरान प्रवेश पत्र और पहचान पत्र की गहन जांच के साथ शारीरिक तलाशी भी ली गई। सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करते हुए किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती गई। प्रथम पाली में जिले के 6 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की गई। इस पाली में कुल 2390 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 2160 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 230 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। समय से पहले केंद्रों पर पहुंचने के कारण कहीं भी अव्यवस्था की स्थिति नहीं बनी।

### दूसरी पालीः 4253 पंजीकृत 3958 ने दी परीक्षा

द्वितीय पाली में जिले के 11 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा संपन्न कराई गई। इस पाली में 4253 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 3958 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 295 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। दूसरी पाली में भी केंद्रों के बाहर अनुशासन और व्यवस्था बनी रही।

### जैमर और उड़नदस्तों से रही सख्त निगरानी

परीक्षा की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों में जैमर लगाए गए थे, ताकि इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के जरिए नकल की किसी भी संभावना को रोका जा सके। वहीं उड़नदस्तों द्वारा लगातार निरीक्षण किया गया। पुलिस बल की तैनाती के साथ केंद्र अधीक्षकों और पर्यवेक्षकों ने पूरे समय सतर्कता बरती।

### कोई शिकायत नहीं प्रशासन संतुष्ट

जिला प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि परीक्षा के दौरान किसी भी केंद्र से नकल, अव्यवस्था या अन्य अनुचित गतिविधि की कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई। कुल मिलाकर शिक्षक पात्रता परीक्षा जिले में शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सफल वातावरण में संपन्न कराई गई।

## सार्वजनिक स्थानों पर लगेगी धूम्रपान पर रोक

# जशपुर पुलिस का तंबाकू के खिलाफ सख्त अभियान

**जशपुरनगर।** जिले में तंबाकू उत्पादों की अवैध बिक्री और सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान पर रोक लगाने के उद्देश्य से जशपुर पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। यह अभियान 31 जनवरी को डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के दिशा-निर्देश में पुलिस तथा औषधि एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जिले के समस्त थाना एवं चौकी क्षेत्रों में संचालित किया गया।

अभियान के दौरान स्कूल, कॉलेज परिसरों के आसपास एवं सार्वजनिक स्थानों पर तंबाखू उत्पाद बेचने वाले दुकानदारों के विरुद्ध सिगरेट एवं अन्य तंबाखू उत्पाद अधिनियम (कोटपा) 2003 के तहत कार्यवाही की गई। इस दौरान कुल 110 प्रकरणों में 22,000 रुपये का जुर्माना वसूल किया गया। कोटपा एक्ट के अंतर्गत सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करना, धूम्रपान निषेध क्षेत्र में चेतावनी बोर्ड का न होना, तंबाखू उत्पादों का प्रचार-प्रसार करना तथा शिक्षण संस्थानों के 100 गज के दायरे में तंबाखू उत्पादों की बिक्री पूर्णतः प्रतिबंधित है। नियमों के उल्लंघन पर जुर्माना एवं दंड का प्रावधान है।



### क्षेत्रवार की गई कार्रवाई

संयुक्त टीम द्वारा की गई कार्रवाई में सिटी कोतवाली क्षेत्रः 16 प्रकरण – 3,200 थाना पत्थलगांवः 10 प्रकरण 2 हजार, बागबहारः 4 प्रकरण 800, कांसाबेलः 10 प्रकरण 2 हजार, बगीचाः 5 प्रकरण 1 हजार, आस्ताः 8 प्रकरण 1,600, लोदामः 7 प्रकरण 1,400, चौकी आराः 4 प्रकरण 800, चौकी मनोराः 1 प्रकरण 200, चौकी कोतबाः 3 प्रकरण 600, चौकी करडेगाः 3 प्रकरण 600, चौकी उपरकछारः 6 प्रकरण 1,200, चौकी कोल्हेनझरियाः 5 प्रकरण 1 हजार की वसूली की गई है।

### विक्रेताओं को दी गई समझाइश

इस प्रकार कुल 110 प्रकरणों में 22,000 की जुर्माना राशि वसूल की गई। साथ ही दुकानदारों को कोटपा एक्ट का अक्षरशः पालन करने की समझाइश भी दी गई।

### पुलिस का सख्त संदेश

इस संबंध में डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान एवं स्कूल-कॉलेजों के आसपास तंबाखू उत्पादों की बिक्री को लेकर प्रशासन पूरी तरह सजग है। आने वाले दिनों में कोटपा एक्ट के तहत कार्यवाही को और अधिक तेज किया जाएगा।

## धान खरीदी नहीं होने से किसान परेशान, कलेक्टर के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**रामानुजगंज।** कामेश्वर नगर सहकारी समिति अंतर्गत आने वाले 126 किसानों द्वारा धान की बिक्री अब तक नहीं हो पाने को लेकर किसानों में भारी आक्रोश और चिंता का माहौल है। धान खरीदी नहीं हो पाने से परेशान किसानों ने कलेक्टर के नाम तहसीलदार को जिला पंचायत सदस्य साधना संतोष यादव के माध्यम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में किसानों ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की घोषणा की गई थी। साथ ही यह आश्वासन दिया गया था कि किसानों का एक-एक दाना धान खरीदा जाएगा।



# अनुराग कश्यप के हाथ लगी चिरंजीवी की फिल्म

**मुंबई।** साउथ के सुपरस्टार चिरंजीवी इन दिनों हालिया रिलीज फिल्म 'माना शंकरा वर प्रसाद गारू' की सफलता का जश्न मना रहे हैं जिसे दर्शकों के साथ-साथ सितारों ने भी सराहा है। इस सफलता के बीच अभिनेता ने अपनी अगली फिल्म भी तय कर ली है जिसका आधिकारिक ऐलान जल्द होगा। दावा किया गया है कि चिरंजीवी की इस फिल्म में बॉलीवुड निर्देशक अनुराग कश्यप भी शामिल होंगे। मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि चिरजींवी अपनी अगली फिल्म के लिए निर्देशक बॉबी के साथ जुड़ रहे हैं जिसका आधिकारिक शुभारंभ फरवरी में होगा।

## लाइफ Style



# श्रद्धा
## दोबारा शुरू की 'ईथा' की शूटिंग

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर अपनी आगामी फिल्म 'ईथा' को लेकर काफी समय से चर्चा में हैं। लक्ष्मण उतेकर के निर्देशन में बनी रही फिल्म में अभिनेत्री को तमाशा कलाकार विथाबाई नारायणगांवकर के किरदार में देखा जाएगा।

निर्माताओं ने फिल्म पर काम 2025 से शुरू कर किया था, लेकिन नवंबर में श्रद्धा ने शूटिंग से दूरी बना ली थी। हालांकि, अब श्रद्धा सेट पर वापस आ चुकी हैं। उन्होंने मुंबई के मलाड स्थित मार्वे बीच पर शूटिंग शुरू कर दी है। एक सूत्र ने बताया, टीम ने मार्वे बीच पर एक गांव का सेट तैयार किया है। श्रद्धा के ठीक होने तक लक्ष्मण ने सेटों को वैसे ही रहने दिया। अब, उन्होंने एक डांस नंबर की शूटिंग शुरू की है, जिसमें श्रद्धा का किरदार मेले के बीच एक स्टेज पर परफॉर्म करता नजर आएगा। वैभवी मर्चेंट डांस नंबर की कोरियोग्राफी कर रही हैं। नवंबर, 2025 में शूटिंग करते वक्त श्रद्धा के पैर के अंगूठे में फ्रैक्चर हो गया था। 1940 से 1990 के बीच घटित होने वाली 'ईथा' फिल्म पंढरपुर में जन्मी कलाकार नारायणगांवकर की बायोपिक होगी जिसमें उनकी लोकप्रियता के शुरुआती अनुभव और उनकी आर्थिक तंगी के सफर को दिखाया जाएगा। इस समय नारायणगांवकर के 40 साल के दृश्यों की शूटिंग चल रही है जो फरवरी में पूरी होगी। इसके बाद, अभिनेत्री उन दृश्यों की शूटिंग करेंगी जिसमें 20 से 30 साल की उम्र वाले दृश्य शामिल हैं। इस चरण को अप्रैल तक पूरा करने का लक्ष्य है।

## हॉलीवुड मसाला



# फास्ट एंड फ्यूरियस 11 को मिला नाम

**लॉस एंजेलिस।** रफ्तार और एक्शन से सजी दुनिया की सबसे बड़ी एक्शन फ्रेंचाइजी 'फास्ट एंड फ्यूरियस' के आखिरी अध्याय का आधिकारिक ऐलान हो गया है। सीरीज के मुख्य अभिनेता विन डीजल ने अपनी अगली फिल्म के नाम और रिलीज तारीख से पर्दा उठा दिया है। फ्रेंचाइजी की 11वीं फिल्म न केवल पुरानी यादों को ताजा करेगी, बल्कि अभिनेता पॉल वॉकर की विरासत को भी सलाम करेगी। फ्रेंचाइजी के निर्माता और मुख्य अभिनेता विन डीजल ने इंस्टाग्राम पर ऐलान किया कि 'फास्ट फॉरएवर' 17 मार्च, 2028 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।



# नई फिल्म 'वुदरिंग हाइट्स' के बोल्ड सीन को लेकर क्या बोलीं

**लॉस एंजेलिस।** मार्गोट रॉबी की नई फिल्म 'वुदरिंग हाइट्स' चर्चा में है। यह फिल्म एमिली ब्रोंटे के क्लासिक उपनास पर आधारित है। फिल्म में मार्गोट रॉबी और जैकब एलोर्डी की जोड़ी दिख रही है। फिल्म का निर्देशन एमराल्ड फेनेल ने किया है। ट्रेलर रिलीज के बाद से ही फिल्म के बोल्ड दृश्यों पर बहस हो रही है। रॉबी ने लॉस एंजेलिस में हुए फिल्म प्रीमियर के दौरान कहा कि इंटिमेट सीन की शूटिंग अन्य दृश्यों जैसी ही थी। इसके लिए उन्होंने कोई विशेष तैयारी नहीं की थी। मार्गोट रॉबी ने कहा कि यह फिल्म सभी से भावनात्मक रूप से बहुत कुछ मांगती है। उनके किरदार को हर सीन में रोना पड़ता है पर उन्हें यह भूमिका निभाना बहुत पसंद आया। एक ही पल में भावनाओं का बदलना उन्हें चुनौतीपूर्ण लगा। फिल्म 'वुदरिंग हाइट्स' 13 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह तारीख वैलेंटाइन्स डे के सप्ताह के साथ मेल खाती है।



# साई की एक्टिंग पर फिदा हुए दर्शक

**मुंबई।** एक बिल्कुल जादुई, सौम्य और क्लासिक प्रेम कहानी को दर्शाते हुए, आमिर खान प्रोडक्शंस की फिल्म एक दिन का टीज़र जारी कर दिया गया है। इस फिल्म में साई पल्लवी और जुनैद खान की प्यारी, सहज और नई जोड़ी नजर आ रही है। टीज़र इस खूबसूरत प्रेम कथा की मनमोहक झलकियों से भरा हुआ है, जो दर्शकों के लिए किसी खास तोहफे से कम नहीं है। खास बात यह है कि इसी फिल्म के जरिए साई पल्लवी हिंदी सिनेमा में अपना डेब्यू कर रही हैं और पहली ही झलक में दर्शकों का दिल जीत रही हैं। बता दें कि जैसे ही एक दिन का टीज़र रिलीज़ हुआ, सोशल मीडिया पर साई पल्लवी के बॉलीवुड डेब्यू को लेकर दर्शकों ने जमकर प्यार बरसाना शुरू कर दिया। साई पल्लवी देश की सबसे लोकप्रिय अभिनेत्रियों में से एक हैं।



# रानी पहुंची सिद्धिविनायक बप्पा के किए दर्शन

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री रानी मुखर्जी की क्राइम-थ्रिलर फिल्म 'मर्दानी 3' का इंतजार आखिरकार खत्म हो गया है। दर्शकों को अपराध की दुनिया से रूबरू कराने के लिए यह फिल्म सिनेमाघरों में दस्तक दे चुकी है। सोशल मीडिया पर इसे फिल्म समीक्षकों और दर्शकों की भर-भरकर तारीफें मिल रही हैं। इस बीच, रानी ने मुंबई के प्रिसिद्ध सिद्धिविनायक मंदिर में जाकर हाजिरी लगाई है। यहा उन्होंने फिल्म की सफलता के लिए गणपति बप्पा का आशीर्वाद लिया और पूजा-अर्चना की। भाई राम मुखर्जी के साथ मंदिर पहुंची रानी सोशल मीडिया पर मौजूद वीडियो में रानी सिद्धिविनायक मंदिर में जाती नजर आईं। उन्होंने क्रीम रंग का साधारण का सूट पहन रखा है और अपने सिर को दुपट्टे से ढ़क रखा है। उनके साथ भाई राम मुखर्जी भी मौजूद रहे।

## टीवी मसाला




# 'द 50' के मेकर्स का धमाका: घर बैठे बिठाए जीतें 50 लाख रुपए

**मुंबई।** बिग बॉस खत्म होने के बाद भी दर्शकों को बोर होने का एक पल भी नहीं मिलेगा। जियो हॉटस्टार और कलर्स जल्द ही अपने नए रियलिटी शो 'द 50' के साथ वापस आ रहे हैं। इस शो में 15 या 16 नहीं, बल्कि पूरे 50 सेलिब्रिटी एक ही हवेली में साथ रहेंगे। दस शो को लेकर फैंस के लिए कुछ रोमांचक खबर है जो उन्हें खुशी से झूमने पर मजबूर कर देगी। सिर्फ स्टार्स ही नहीं, बल्कि फैंस को भी 50 लाख रुपये जीतने का मौका मिलेगा। ये है मोहब्बतें' के रमन भल्ला के नाम से मशहूर करण पटेल ने वीडियो में विस्तार से बताया है कि फैंस को 50 लाख रुपये जीतने का मौका कैसे मिल सकता है। वीडियो में लव कटारिया से लेकर फैजू और मनीषा रानी तक, सभी कहते हैं, मैं 'द लायन' की हवेली में जा रहा हूं, कुल 50 सेलिब्रिटी हैं। करण पटेल के वीडियो से यह साफ है कि जो भी जीतेगा, उसके फैंस को 50 लाख रुपये मिलेंगे।

***आज से शुरू हो रहा शो*** : रियलिटी शो द 50 1 फरवरी से, यानी आज से तीन दिन बाद, रात 9 बजे जियो हॉटस्टार पर और रात 10:30 बजे कलर्स पर प्रसारित होगा। शो में कुल 50 सेलिब्रिटी हिस्सा लेंगे, जिनमें रिद्धि डोगरा, उर्वशी ढोलकिया, दिग्विजय राठी, फैसल शेख, दिव्या अग्रवाल, प्रिंस नरूला, युविका चौधरी, शिव ठाकरे, रजत दलाल, निक्की तंबोली, अरबाज पटेल, मोनालिसा, विक्रांत सिंह राजपूत, शाइनी दोशी, डिनो जेम्स, लवकेश कटारिया, कृष्णा श्रॉफ और अर्चना गौतम शामिल हैं।

## शादी पर बोलीं बबीता जी होना होगी तो हो जाएगी

तारक मेहता का उल्टा चश्मा फैंस के बीच एक पसंदीदा शो है। इस शो ने कई चेहरों को पॉपुलर बनाया है, और मुनमुन दत्ता उनमें से एक हैं। मुनमुन



शो में बबीता जी का किरदार निभाकर घर-घर में मशहूर हो गई हैं। मुनमुन अक्सर अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में रहती हैं, लेकिन वह अफवाहों पर कम ही रिएक्ट करती हैं। पहली बार मुनमुन ने अपनी पर्सनल लाइफ के बारे में कई बातें शेयर की हैं। रणवीर अल्लाहबादिया के पॉडकास्ट में मुनमुन दत्ता से जब पूछा गया कि क्या वह शादी करना चाहती हैं, तो उन्होंने कहा, मुझे प्यार पसंद है लेकिन मुझे अभी यह साफ नहीं है कि मैं शादी करना चाहती हूं या नहीं। अगर यह मेरी किस्मत में होगा, तो हो जाएगा। मैं उस तरह की लड़की नहीं हूं जो शादी के पीछे भागती है।

# 'चांद मेरा दिल' में इश्क लड़ाएंगे लक्ष्य और अनन्या

**मुंबई।** बॉलीवुड में एक बार फिर रूहानी और म्यूजिकल रोमांस का दौर लौटने वाला है। धर्मा प्रोडक्शंस ने अपनी अगली बड़ी फिल्म 'चांद मेरा दिल' की रिलीज तारीख का आधिकारिक ऐलान कर दिया है। फिल्म 'किल' से अपनी जबरदस्त पहचान बनाने वाले अभिनेता लक्ष्य लालवानी और अनन्या पांडे पहली बार पर्दे पर एक-दूसरे के साथ इश्क लड़ाते नजर आएंगे। विवेक सोनी के निर्देशन में बन रही ये लव स्टोरी दर्शकों के बीच कब आ रही है, आइए जानते हैं।



***सिनेमाघरों में आ रही 8 मई को*** : धर्मा प्रोडक्शंस बड़े पर्दे पर प्यार की एक ऐसी दास्तां ला रहा है, जिसे सिर्फ देखा नहीं, बल्कि महसूस किया जा सकेगा। निर्माताओं ने ऐलान कर दिया है कि अनन्या और लक्ष्य अभिनीत 'चांद मेरा दिल' 8 मई, 2026 को सिनेमाघरों में आएगी। इन लव स्टोरी में संगीत कहानी की रूह बनकर उभरेगा। एक भव्य रोमांटिक अनुभव के रूप में पेश की जा रही ये फिल्म दर्शकों को जज्बातों के एक गहरे सफर पर ले जाने का वादा करती है।

### *पिछले साल आने वाली थी यह फिल्म*

*ये फिल्म अक्षय कुमार और सिद्धार्थ मल्होत्रा जैसे सितारों की फिल्मों से ठीक 1 हफ्ते पहले रिलीज हो रही है। एक ओर अक्षय 15 मई को फिल्म 'भूत बंगला' लेकर आ रहे हैं और इसी दिन सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म 'वनः फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट' पर्दे पर आ रही है। पहले 'चांद मेरा दिल' पिछले साल रिलीज होने वाली थी। फिर इसे टालकर 10 अप्रैल ,2026 किया गया। अब आखिरकार निर्माताओं ने 8 मई, 2026 की तारीख तय की है।*

# 'भूत पुलिस 2' के लिए निर्देशक प्रियदर्शन ने वसूली मोटी फीस, इस बार दिखेंगे नए चेहरे

**मुंबई।** सैफ अली खान, अर्जुन कपूर, जैकलीन फर्नांडिस और यामी गौतम की हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'भूत पुलिस' 2021 में रिलीज हुई थी। इसका निर्देशन पवन कृपलानी ने किया था जिसे लोगों ने ठीक-ठाक प्रतिक्रिया दी। अब इस फिल्म का सीक्वल चर्चा में है जिसके निर्देशन की जिम्मेदारी प्रियदर्शन ने उठाई है। उन्हें 'हेरा फेरी' और 'भूल भुलैया' जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। बताया जाता है कि 'भूत पुलिस 2' के लिए के लिए प्रियदर्शन ने मोटी फीस वसूली है।



***'भूत पुलिस 2' पर काम शुरू, प्रियदर्शन की फीस का खुलासा*** : मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, 'भूत पुलिस 2' पर आधिकारिक तौर पर काम शुरू कर दिया गया है। इसके निर्देशन के लिए प्रियदर्शन को चुना गया है। सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि प्रियदर्शन इस सीक्वल का निर्देशन करने के लिए 21 करोड़ रुपये फीस ले रहे हैं। सूत्र ने आगे बताया कि पहली किस्त की तरह सीक्वल भी हॉरर-कॉमेडी जॉनर को बरकरार रखेगा लेकिन कास्टिंग में बड़ा बदलाव होगा। सैफ और अर्जुन की बजाए नई जोड़ी पर दांव लगेगा।

**2026 के आखिर में शुरू हो सकती है शूटिंग** : सूत्र ने आगे कहा, विचार यह है कि एक नई जोड़ी के साथ इस फ्रैंचाइज को नया रूप दिया जाए। निर्माता 2 अभिनेताओं पर विचार कर रहे हैं। फिल्म की कास्टिंग प्रक्रिया और प्री-प्रोडक्शन का काम पूरा होने के बाद, शूटिंग इस साल के आखिर तक शुरू होने की उम्मीद है। प्रियदर्शन सीक्वल को बड़े पैमाने पर बनाने की योजना बना रहे हैं। फिलहाल, प्रियदर्शन आगामी फिल्म 'हैवान' में व्यस्त हैं जिसमें अक्षय कुमार और सैफ अली नजर आएंगे।


## डिजिटल रिलीज के लिए फिल्म में कोई अलग से कांट-छांट नहीं हुई

# 'धुरंधर' के ओटीटी वर्जन पर मचा बवाल, निर्माताओं ने किया बदलाव से इनकार

**मुंबई। बॉक्स ऑफिस पर 1,000 करोड़ की रिकॉर्डतोड़ कमाई करने के बाद रणवीर सिंह अभिनीत 'धुरंधर' नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो गई है, लेकिन इसके साथ ही एक नया विवाद खड़ा हो गया है। सोशल मीडिया पर फैंस का दावा है कि फिल्म का ओटीटी वर्जन थिएटर वर्जन से करीब 9 मिनट छोटा है, जिसके बाद इंटरनेट पर फिल्म में कांट-छांट को लेकर हंगामा मच गया। हालांकि, अब फिल्म के निर्माताओं ने इन दावों को सिरे से खारिज कर दिया है।**

### 9 मिनट कम रनटाइम से मचा बवाल

निर्माताओं के मुताबिक, फिल्म को बिना किसी कट के प्रस्तावित किया गया था, जिससे ओटीटी वर्जन में कांट-छांट को लेकर चल रही अटकलों पर विराम लग गया है। सूत्र ने आगे बताया कि प्रोडक्शन टीम ने नेटफ्लिक्स के आदेश और आवश्यकताओं के अनुसार ही काम किया है। दरअसल, कुछ दर्शकों ने दावा किया था कि नेटफ्लिक्स पर 'धुरंधर' का रनटाइम 3 घंटे 25 मिनट है, जो इसके मूल सिनेमाई रनटाइम (3 घंटे 34 मिनट) से 9 मिनट कम है।



### सोशल मीडिया पर भड़का था फैंस का गुस्सा

लगभग 9-10 मिनट की इस कटौती और गाली वाले डायलॉग्स पर कैंची चलने से फैंस भड़क गए थे। सोशल मीडिया पर लोग अपना गुस्सा जाहिर करते हुए कह रहे हैं कि 18+ प्लेटफॉर्म होने के बावजूद फिल्म को सेंसर करने का कोई तुक नहीं है। फैंस के बढ़ते गुस्से और अटकलों को देखते हुए आखिरकार निर्माताओं को सामने आकर सफाई देनी पड़ी। उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि डिजिटल रिलीज के लिए फिल्म में कोई अलग से कांट-छांट नहीं हुई है।

### नेटफ्लिक्स को बिना किसी कट के सौंपी गई 'धुरंधर'- निर्माता

सूत्रों के मुताबिक, फिल्म से जुड़े सूत्रों ने विशेष रूप से पुष्टि की है कि निर्माताओं ने नेटफ्लिक्स को जो वर्जन सौंपा है, उसमें कोई भी कांट-छांट नहीं की गई है। सूत्रों का कहना है कि 'धुरंधर' के निर्माताओं ने नेटफ्लिक्स रिलीज के लिए बिना किसी कट या एडिट के फिल्म पेश की की है। स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराया गया ये वर्जन नेटफ्लिक्स की सभी शर्तों और अनिवार्यताओं का पूरी तरह से पालन करता है।

### 'धुरंधर' में देशभक्ति का तड़का

बता दें कि एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'धुरंधर' में रणवीर सिंह और अक्षय खन्ना मुख्य भूमिकाओं में हैं। उनके साथ आर माधवन, अर्जुन रामपाल और संजय दत्त जैसे बड़े सितारे भी नजर आए हैं। इसका निर्देशन आदित्य धर ने किया है। फिल्म की कहानी सच्ची घटनाओं से प्रेरित एक बड़े जासूसी मिशन पर आधारित है। इसमें भारतीय खुफिया एजेंसी के जांबाज अधिकारियों की वीरता को दिखाया गया है, जो देश की सुरक्षा के लिए एक अंतरराष्ट्रीय साजिश को नाकाम करते हैं।

## खबर संक्षेप



### अनिता बने उलखर कोसीर कांग्रेस अध्यक्ष

**कोसीर।** उलखर कोसीर महिला कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त होने पर अनिता संदीप बनज ने पार्टी के सभी वरिष्ठ जन छतीसगढ कांगेस कमेटी अध्यक्ष फूलो देवी नेताम जिला अध्यक्ष सरिता गोपाल सारंगढ विधायक उतरी जागडे पूर्व विधायक पदमा घनश्याम जिला अध्यक्ष युवा सतीश यादव को शॉल फल भेंट कर आभार प्रकट किया। अनिता बनज ने कही आप सभी ने इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी है उसे बखूबी निभाउंगी।

### अमृत बने सारंगढ़, बिलाईगढ़ के युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** युवा कांग्रेस संगठन में सक्रिय भूमिका निभा रहे अमृत साहू को युवा कांग्रेस सारंगढ़ बिलाईगढ़ का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष अमृत साहू ने राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब, राष्ट्रीय प्रभारी मनीष शर्मा, प्रदेश प्रभारी अमित सिंह पठानिया, सहप्रभारी श्रीमती मोनिका भंडारी, युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा, जिला प्रभारी विराज चंद्राकर, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष शुभम वाजपेई, बिलाईगढ़ विधायक श्रीमती कविता प्राण लहरें, पूर्व विधायक चंद्रदेव राय, जिला कांग्रेस कमेटी सारंगढ़ बिलाईगढ़ अध्यक्ष ताराचंद देवांगन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिलाईगढ़ अध्यक्ष लकेश्वर देवांगन एवं मंडल अध्यक्ष भगवानु जायसवाल के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। अमृत साहू ने कहा कि संगठन ने जो विश्वास और जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है उसका वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे।



### साप्ताहिक बाजार में युवक पर चाकू से हमला

**सुंदरगढ़।** भस्मा थाना अंतर्गत मंगसपुर गांव के साप्ताहिक बाजार में चाकू से हमले की घटना सामने आईए जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। शिकायतकर्ता सुरेश नेटी के अनुसार, उनका भतीजा विकास नेटी स्थानीय बाजार में सब्जी खरीद रहा था। उसी दौरान कुर्ला गांव का असमित गड़दिया उर्फ तिलक ने बिना कुछ कहे अचानक चाकू से उसके शरीर के विभिन्न हिस्सों पर बार बार हमला करने लगा। गंभीर रूप से घायल होकर विकास खून से लथपथ अवस्था में नीचे गिर पड़ा। स्थानीय ग्रामीणों और बाजार आए लोगों की मदद से गंभीर हालत में विकास को बचाकर मंगसपुर अस्पताल ले जाया गया। सूचना मिलने पर भस्मा थाना के आईआईसी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और जांच शुरू की। हालत नाजुक होने के कारण डॉक्टरों ने उसे तुरंत सुंदरगढ़ जिला मुख्य अस्पताल रेफर कर दिया। 18 जुलाई 2025 को इसी साप्ताहिक बाजार में उक्त आरोपी ने कुर्ला गांव के एक अन्य युवक पर भी चाकू से हमला किया था। उस समय बाजार आए लोगों ने हमलावर को पकड़कर उसकी पिटाई की और पुलिस के हवाले कर दिया था। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया था।

### मिट्टी बांध धंसा, गुणवत्ता पर उठे गंभीर सवाल

**केन्दुझर।** केन्दुझर जिले के जोड़ा ब्लॉक अंतर्गत बसुदेवपुर में निर्माणाधीन कानपुर बड़े सिंचाई परियोजना का मिट्टी बांध धंसने की घटना सामने आई है। बैतरणी नदी पर निर्मित इस बहुप्रतीक्षित परियोजना का कार्य लगभग अंतिम चरण में थाए लेकिन मुख्य मिट्टी बांध के दो अलग अलग स्थानों पर धंसाव देखे जाने के बाद प्रशासन और जल संसाधन विभाग में हड़कंप मच गया है। कानपुर सिंचाई परियोजना के अंतर्गत बनाए गए बांध की कुल लंबाई 3460 मीटर और ऊंचाई 39.50 मीटर है।

## विधायक ने मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित, प्रतीक्षालय निर्माण की घोषणा

# शहीद वीर नारायण सिंह कॉलेज में वार्षिक उत्सव, किया गया प्रतिभाओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

शासकीय शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय, बिलाईगढ़ में 31 जनवरी को वार्षिक उत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक कविता प्राण लहरे रहीं, जबकि अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. उमाकांत मिश्रा ने की।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक कविता प्राण लहरे द्वारा सरस्वती माता, छत्तीसगढ़ महतारी एवं शहीद वीर नारायण सिंह की पूजा अर्चना एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा सुस्वागतम्‌ गीत एवं मनमोहक सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत कर अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य गीत अरपा पैरी के धार पर छत्तीसगढ़ महतारी की वंदना सहित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह के दौरान शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेलकूद एवं अन्य विविध क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान छात्र छात्राओं को मुख्य अतिथि विधायक कविता प्राण लहरे द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।



छात्रा को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते विधायक।

अतिथियों ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. उमाकांत मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि महाविद्यालय की स्थापना को 35 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं, किंतु अब तक स्नातकोत्तर कक्षाओं की शुरुआत नहीं हो सकी है। उन्होंने बताया कि यहां के विद्यार्थी राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं, ऐसे में स्नातकोत्तर शिक्षा की शुरुआत अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विधायक से शासन स्तर पर स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्रारंभ कराने की मांग रखने का अनुरोध किया। मुख्य अतिथि विधायक ने विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर प्रयास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पुलिस, वन, पायलट जैसे कई विभागों में वर्दी पहचान बनती है, लेकिन उस वर्दी के योग्य बनने की नींव शिक्षा ही रखती है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि चाहे वे एसडीएम, कलेक्टर या मंत्री बनें, लेकिन अपने गुरुजनों का सम्मान कभी न भूलें। विधायक ने विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय परिवार की मांग पर महाविद्यालय परिसर के सामने विद्यार्थी प्रतीक्षालय निर्माण की घोषणा करते हुए इसे विद्यार्थियों के लिए बड़ी सौगात बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही विकास की सशक्त आधारशिला है और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं अधिवक्ता रामनारायण भट्ट, जगदीश पांडे, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिलाईगढ़ के अध्यक्ष लकेश्वर देवांगन, विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर भट्ट, कांग्रेस नेता बलराम देवांगन, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूपेंद्र यादव, बिलाईगढ़ साहू समाज अध्यक्ष रामनारायण साहू, सुनीता विक्रम कोसले सहित महाविद्यालय परिवार के सदस्यए प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन उत्साह, सम्मान और प्रेरणा दायी संदेशों के साथ हुआ, जिससे विद्यार्थियों में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार हुआ।



## पडिगांव में मनरेगा बचाओ अभियान कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

पुसौर जनपद क्षेत्र के ग्राम पडिगांव में मनरेगा बचाओ अभियान अंतर्गत पूर्व विधायक प्रकाश नायक के अगुवाई में क्षेत्र के कांग्रेस पदाधिकारी एवं क्रांग्रेस जनों के साथ वृहद प्रदर्शन किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में आम जनता भी उपस्थित रहे। जानकारी के मुताबिक उक्त कार्यक्रम इस क्षेत्र के कांग्रेस मंडल अध्यक्ष भुवनेश्वर साहू के व्यवस्था में ग्राम पडिगांव में यह आयोजन हुआ।

कार्यक्रम का उद्देश्य यह है कि केन्द्र सरकार द्वारा मनरेगा योजना को पुनः बाहल किया जाए चूंकि इस योजना के जरिए जहां गरीबों को रोजी रोटी मिलती थी वहीं उनका जीवन स्तर भी सुधरता दिखाई दे रहा था जिसे केन्द्र के बीजेपी सरकार को यह रास नहीं आई और गरीबों के इस योजना मनरेगा को बंद कर दिया है। कार्यक्रम में पूर्व विधायक प्रकाश नायक ने कहा कि सरकार ने वीबी जीरामजी योजना लागू की है जो कि किसी भी स्थिति में प्रांसगिक नहीं है। योजना में राम शब्द को जोड़कर लोगों को भ्रामक स्थिति में डाल दिया है जिसे मानसिक ब्लेकमेलिंग कहा जाये तो शायद अतिशयोक्ति नहीं होगी।

## श्रद्धा भाव के साथ हुआ कोसीर सतनाम सत्संग समारोह

**कोसीर।** कोसीर नावाबस्ती आयोजित तीन दिवसीय सतनाम सत्संग समारोह पूरी श्रद्धा भाव के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के अंतिम दिन अतिथिगण भारी संख्या उपस्थित हुए ।

भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सरिता जायसवाल जिला कार्यकारिणी सदस्य देवकूभारी लहरे जनपद सदस्य हीरा भैरवनाथ जाटवर कार्यक्रम अध्यक्ष चैतबाई वही कांगेस उलखर कोसीर ब्लॉक अध्यक्ष अनिता संदीप बनज कोसीर सरपंच राव सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि भारी संख्या भे उपस्थित हुए । कार्यक्रम को संबोधित करते कहा कि ऐसे ही कार्यक्रम होते रहना चाहिए इसके फलस्वरूप गांव भक्तिमय रहता है तथा लोगो को एक अच्छी सीख की पहल होती है। इस सतसंग समारोह से गांव के सभी लोग काफी उत्साहित रहे। दूरदराज से लोग भारी संख्या में आकर कार्यक्रम को सफल बनाया । पंथी नृत्य पार्टी की भी धमाल रहा। दूर दूर गांव से आकर अपनी पंथी नृत्य कर प्रदर्शन किया जिसकी काफी सराहनीय हुई।



### डॉ.आर पटेल हॉस्पिटल में हुआ टोटल हिप रिप्लेसमेंट का सफल ऑपरेशन

**रायगढ़।** डॉ आर पटेल यूरोलॉजी एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के ऑर्थोपेडिक विभाग के विशेषज्ञ और उनकी टीम ने टोटल हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी को अंजाम देकर अपने क्षेत्र में एक और सफलता को हासिल किया है। एक 60 वर्ष की महिला जिनको चलने फिरने में काफ़ी समस्या का सामना करना पड़ रहा था। डॉक्टर और उनकी टीम ने उनका टोटल हिप रिप्लेसमेंट ऑपरेशन करके उन्हें अपने पैरों पर फिर से खड़ा कर दिया। डॉ आर पटेल यूरोलॉजी एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में विशेषज्ञ से परामर्श में एक 60 वर्ष की महिला ने बताया की उन्हें चलने फिरने में काफ़ी तकलीफ़ हो रही थी। प्रारंभिक जांच में मालूम चला की मरीज को पूर्व में हो गया था जिसका मरीज ने अन्य अस्पताल में ऑपरेशन करवाया था। उसके बाद धीरे धीरे उनका कूल्हा खराब होता गया और मरीज को चलने में दिक्कत होने लगी।



## बैंक ऑफ महाराष्ट्र डकैती का मुख्य आरोपी सिपु कुमार घायल

**केन्दुझर।** केन्दुझर जिले के बड़बिल थाना क्षेत्र में बैंक ऑफ महाराष्ट्र में हुई बहुचर्चित डकैती के मुख्य आरोपी और अंतरराज्यीय मोस्ट वांटेड अपराधी सिपु कुमार को पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। यह कार्रवाई ओडिशा झारखंड सीमा पर स्थित टांकुरा जंगल में देर रात चलाए गए विशेष अभियान के दौरान की गई, जिसमें आरोपी पुलिस की जवाबी फायरिंग में घायल हो गया।

**खास बात**

- ओडिशा झारखंड सीमा के टांकुरा जंगल में रातभर चला अभियान, देसी बंदूक बरामद

उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले बड़बिल थाना क्षेत्र स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र में बड़ी डकैती की घटना सामने आई थीए जिस पर थाना कांड संख्या 29/26 दर्ज की गई थी। इस मामले में पुलिस ने पहले ही तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया थाए जबकि मुख्य आरोपी सिपु कुमार फरार चल रहा था।सिपु कुमार बिहार के पटना जिले के पिपरा गांव का निवासी है और उसके खिलाफ ओडिशा, बिहार एवं झारखंड में हत्या, अवैध हथियार रखने, डकैती, चोरी और जबरन वसूली जैसे कई संगीन मामले दर्ज हैं। बीते एक सप्ताह से अधिक समय से पुलिस उसकी तलाश में लगातार नाकेबंदी और छापेमारी कर रही थी। पुलिस को विश्वसनीय सूचना मिली थी कि सिपु कुमार टांकुरा जंगल में छिपा हुआ है। सूचना के आधार पर बड़बिल पुलिस ने रात में विशेष ऑपरेशन शुरू किया। खुद को घिरा देख आरोपी ने भागने की कोशिश करते हुए पुलिस पर गोली चला दी। इसके जवाब में पुलिस ने आत्मरक्षा में फायरिंग की, जिसमें सिपु कुमार के पैर में गोली लग गई। इसके बाद उसे काबू में कर लिया गया।

## उदित नगर में पुलिस पब्लिक समन्वय की पहल

**राउरकेला।** उदित नगर थाना अंतर्गत आम पुलिस समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक शनिवार की शाम मालगोदाम स्थित सर्व भौतिक आश्रम परिसर में संपन्न हुई। बैठक का उद्देश्य थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत करना तथा पुलिस व आम जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना रहा। इस बैठक में उदित नगर थाना प्रभारी जेके साहू, सह प्रभारी ज्योत्स्ना सेठ समेत करीब आधा दर्जन पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और नागरिक सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में मालगोदाम क्षेत्र सहित थाना क्षेत्र के सीता राम दत्ताएचंदन विश्वकर्मा, कन्हैया विश्वकर्मा, दुर्गी साहू, टिल्लू, कुम्बो प्रसाद समेत दर्जनों प्रमुख नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता और गणमान्य लोग शामिल हुए। उपस्थित लोगों ने क्षेत्र की समस्याओं, सुरक्षा संबंधी चुनौतियों और पुलिस से अपेक्षाओं को खुलकर रखा। बैठक में इस बात पर विशेष बल दिया गया कि पुलिस और आम जनता के बीच बेहतर तालमेल से ही अपराध पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। नागरिकों से संदिग्ध गतिविधियों की सूचना समय पर पुलिस को देने तथा आपसी सहयोग बढ़ाने की अपील की गई।

## अस्मिता खेलो इंडिया में सुंदरगढ़ के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

**राउरकेला।** ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर स्थित कलिंगा स्टेडियम में 28 जनवरी से 31 जनवरी तक अस्मिता खेलो इंडिया जोनल लीग का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप का आयोजन योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ ओडिशा द्वारा किया गया, जिसे ओडिशा सरकार के युवा एवं खेल विभाग का सहयोग प्राप्त था।

प्रतियोगिता में क्षेत्र के विभिन्न जिलों से आए प्रतिभाशाली योगासन खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ सुंदरगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए दो उभरती हुई खिलाड़ी प्रत्याशा साहू और देव्यांशी दीपानिता ने आर्टिस्टिक पेयर स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चौथा स्थान प्राप्त कियाए जो जिले के लिए गौरव का विषय है। इस चैंपियनशिप में कई गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही। भारत के सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति एके गोयल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहींए ओडिशा ओलंपिक संघ के अध्यक्ष समीर मोहंती तथा योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ ओडिशा के सचिव मनोज कुमार मोहंती ने भी आयोजन की शोभा बढ़ाई। योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ सुंदरगढ़ के महासचिव जितेंद्र कुमार ने आधिकारिक निर्णायक जज के रूप में अपनी भूमिका निभाई, जिससे प्रतियोगिता के तकनीकी स्तर और निष्पक्ष मूल्यांकन को मजबूती मिली।




## चोरी के मोबाइल, नकदी हथियार सहित आरोपी गिरफ्तार

**राजगंगपुर।** राजगंगपुर पुलिस ने क्षेत्र में हुई तीन अलग अलग लूट की घटनाओं का सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी के मोबाइल फोन, नकदी और अपराध में प्रयुक्त हथियार भी बरामद किए हैं। इस कार्रवाई को पुलिस की सतर्कता और त्वरित जांच का अहम परिणाम माना जा रहा है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, ये बरामदगियां राजगंगपुर थाना में दर्ज विभिन्न मामलों से संबंधित हैं राजगंगपुर थाना में 30 जनवरी भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 309(4) के तहत दर्ज इस मामले में पुलिस ने एक लूटा हुआ मोबाइल फोन बरामद किया। राजगंगपुर थाना कांड संख्या 59, 29 जनवरी को इस प्रकरण में आरोपी के पास से दो लूटे गए मोबाइल फोन बरामद किए गए। पुलिस ने इस मामले में 3,000 की लूटी हुई नकदी, अपराध में प्रयुक्त एक चाकू तथा एक लूटा हुआ मोबाइल फोन बरामद किया। तीनों मामलों में संलिप्त आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और आगे की कानूनी प्रक्रिया के तहत उन्हें माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

## महानदी से रेत का अवैध खनन जारी, बेखौफ हो रहा है परिवहन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरमकेला

बरमकेला और आसपास के इलाकों में अवैध रेत खनन और परिवहन बेलगाम होता जा रहा है। महानदी के किनारे दिनदहाड़े रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा है और भारी वाहनों से इसकी खुलेआम परिवहन की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर दिन सुबह होते ही रेत तस्करों का नेटवर्क सक्रिय हो जाता है।

ट्रैक्टर, हाइवा और ट्रकों के जरिए रेत का परिवहन दिनभर चलती रहती है। कई जगहों पर तो रात के अंधेरे में भी खनन जारी रहने की बात सामने आ रही है। धीरे धीरे बरमकेला अवैध कारोबार का गढ़ बनता जा रहा है। अवैध रेत खनन के साथ साथ अवैध ईंट भट्ठों और निर्माण गतिविधियों की शिकायतें भी लगातार सामने आ रही हैं। सूत्रों का कहना है कि रेत तस्करों का नेटवर्क इतना मजबूत हो चुका है कि उन्हें किसी कार्रवाई का डर ही नहीं रह गया है। नियम कानून को ताक पर रखकर खनन और परिवहन किया जा रहा है। इस पूरे



मामले पर तहसीलदार पुष्पेंद्र राज से पक्ष जानने के लिए कई बार संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन उठाना भी उचित नहीं समझा।

## पुसौर के जगन्नाथ मंदिर में चल रहा अष्टप्रहरी नामयज्ञ

**पुसौर।** पुसौर के जगन्नाथ मंदिर में पिछले कई वर्षो से माघ चतुर्दशी के दिन अष्टप्रहरी नाम यज्ञ का शुभारंभ होकर पूर्णिमा के दिन समापन होता हे। इसी कड़ी में बीते माघ चतुर्दशी के दिन हरे राम हरे राम राम राम हरे। हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे। महामंत्र के अखंड जाप संकीर्तन्य स्वरूप में प्रारंभ हो चुका है। जिसमें वार्ड वासी अपने अपने पारी में जाकर नाम संकीर्तन्य का आनंद लेते हुए अपनी कर्तव्य का भी निर्वहन कर रहे हैं।

नगर उपाध्यक्ष उमेश साव अपने इसी का कर्तव्य निर्वहन किया और वहां अपेक्षित व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए यथोचित मार्गदर्शन दिया। ज्ञात हो कि समापन के अवसर पर आसपास के कीर्तन पार्टी आकर यहां भक्तिमय



वातावरण के श्रृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं वहीं पुसौर के मंदिर परिसर के कीर्तन पार्टी दधिभांड भंजन कार्यक्रम में नाटकीय रूप देते हुए भगवान कृष्ण की आराधना करते हैं जिसमें उपस्थित श्रद्धालु दीर्घा के जरिए ये आए दिन वाहवाही बटोरती रही है।

